(349)

झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर (साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी कैम्पस),
सिरखा टोली, नामकुम, रॉंची – 834010 (झारखण्ड)

पत्रांक :– JUT-207/2079/348 /रॉंची, दिनांक :– 03/04/2025

प्रेषक,

कुलसचिव (प्र0),
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
राँची ।

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य,
राज्य स्थित संबद्धता प्राप्त सभी राजकीय, गैर–राजकीय एव पी0पी0पी0 मोड पर संचालित पोलिटेकनिक एवं डिग्री अभियंत्रण संस्थान।

विषयः– **शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में डिप्लोमा, डिग्री एवं स्नातकोत्तर अभियंत्रण / गैर–अभियंत्रण (Diploma, U.G. and P.G. Programme) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित (Regular) सेमेस्टर / वार्षिक तथा पार्श्विक प्रवेश (Lateral Entry) योजना के अधीन नामांकित एवं निबंधित विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित निबंधन संख्या में नाम / पिता का नाम / जन्म तिथि संशोधन / सुधार के संबंध में।**

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके संस्थान में **शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में डिप्लोमा, डिग्री एवं स्नातकोत्तर अभियंत्रण / गैर–अभियंत्रण (Diploma, U.G. and P.G. Programme) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित (Regular) सेमेस्टर / वार्षिक तथा पार्श्विक प्रवेश (Lateral Entry) योजना के अधीन** क्रमशः प्रथम सेमेस्टर / वर्ष तथा तृतीय सेमेस्टर / द्वितीय वर्ष में नामांकित एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निबंधन संख्या आवंटित कि गई है। तदालोक में संबंधित विद्यार्थियों के नाम / पिता का नाम / जन्म तिथि में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा अशुद्धि हुई हो तो संस्थान द्वारा पत्र–सह–सूची तैयार कर दिनांक – **16 / 04 / 2025** तक विश्वविद्यालय कार्यालय को हाँथों–हाथ या ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित विद्यार्थियों के निबंधन संख्या में हुए त्रुटि अथवा अशुद्धि का स–समय सुधार किया जा सके।

यदि उक्त निर्धारित अवधि तक संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के निबंधन में संशोधन हेतु विश्वविद्यालय कार्यालय को पत्र प्रेषित नहीं किया जाता है तो इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवदेन स्वीकार नहीं किया जायेगा। तत्संबंधी विद्यार्थियों के निबंधन संख्या में त्रुटि या संशोधन संबंधी पत्राचार विश्वविद्यालय के कार्यकारी ई–मेल **(jutstudentregistratn@gmail.com)** पर करना सुनिश्चित करेंगे।

कृप्या इसे विशेष प्राथमिकता दी जाय।

<u>नोटः– उक्त के संदर्भ में यदि किसी संस्थान द्वारा पूर्व में पत्राचार किया गया है तो, आग्रह है कि कृप्या दोबारा अवेदन समर्पित ना करें।</u>

विश्वासभाजन,

कुलसचिव (प्र0) 28/3/25
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
राँची।

आवक Reg-408 दिनांक 16-04-25